

# राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
## बिहार लोक भवन, पटना–800022

## प्रेस–विज्ञप्ति

*संख्या–**164/2026***

### बिहार लोक भवन में स्थानांतरण संबंधी वायरल समाचार तथ्यहीन एवं भ्रामक

**पटना 20 अगस्त, 2026** :– कुछ समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से यह समाचार प्रसारित किया जा रहा है कि माननीय राज्यपाल द्वारा बिहार लोक भवन में पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के स्थानांतरण के संबंध में राज्य सरकार को कोई सख्त पत्र लिखा गया है।

इस संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि यह समाचार पूर्णतः असत्य, तथ्यहीन एवं भ्रामक है। माननीय राज्यपाल द्वारा इस विषय में राज्य सरकार को ऐसा कोई पत्र प्रेषित नहीं किया गया है।

जिस पत्र को आधार बनाकर यह समाचार प्रसारित किया जा रहा है, वह बिहार लोक भवन की आंतरिक प्रशासनिक व्यवस्था से संबंधित पत्र है। इसे राज्य सरकार को निर्देशित पत्र के रूप में प्रस्तुत करना अथवा राज्य सरकार से संबंधित विषय के रूप में प्रचारित करना तथ्यात्मक रूप से गलत है।

अतः मीडिया एवं आमजन से अनुरोध है कि इस विषय से संबंधित किसी भी अपुष्ट अथवा भ्रामक सूचना पर विश्वास नहीं करें। साथ ही, किसी समाचार को प्रसारित या साझा करने से पूर्व उसके तथ्यों एवं प्रामाणिकता की पुष्टि अवश्य कर लें।

..........................................